Printed Pages – 7

# NJ-1056

## B.A. (Part-II) Examination,

## Mar.-Apr., 2023

## HINDI LITERATURE

### Paper - I

### (अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**Q. 1.** निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) "सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में,
शिक्षा बिना ही पड़ रहे हैं आज हम सब क्लेश में।
शिक्षा बिना कोई कभी बनता नहीं सत्पात्र है,
शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है।"

KK Govt College Durgukondal



Scanned with CamScanner

अथवा

"जलाशयों में कमल दलों सा
हमें खिलाता नित दिनकर,
पर बालक सा वायु सकल दल
बिखरा देता चुन सत्वर।"

(ख) "काट अन्ध - उर के बन्धन स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर;
कलुष-भेद तम हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे।"

अथवा

"अचिरता देख जगत् की आप
शून्य भरता समीर निःश्वास



KK Govt College Durgukondal



डालता पातों पर चुपचाप
ओस के आँसू नीलाकाश।"

(ग) "मीठा है, मक्खन - सा जमकर
मौन पुकार रहा थम - थम कर।
प्राणों में रम कर बल देगा,
मुझको बैल और हल देगा।"

अथवा

"जो कली खिलेगी जहाँ, खिली,
जो फल जहाँ है
जो भी सुख, जिस भी डाली पर,
हुआ पल्लवित, पुलकित
मैं उसे वहीं पर



Scanned with CamScanner

अक्षत, अनाघ्रात, अस्पष्ट अनाविल

हे महाबुद्ध !

अर्पित करती हूँ तुझे।"

**Q. 2.** मैथलीशरण गुप्त के काव्य की राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिये। **12**

**अथवा**

निराला-काव्य की विविधता का विवेचन कीजिये।

**Q. 3.** सुमित्रानन्दन पंत अथवा माखनलाल चतुर्वेदी की काव्यगत विशेषताएँ बतलाइये। **12**

**अथवा**

'नयी कविता और अज्ञेय' पर अपने विचार व्यक्त कीजिये।





**Q. 4.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिये : **3×5=15**

(i) सुभद्रा कुमारी चौहान का राष्ट्रप्रेम

(ii) अयोध्यासिंह उपाध्याय रचित 'प्रिय प्रवास' का परिचय,

(iii) राष्ट्रीय काव्यधारा के प्रमुख कवि,

(iv) श्रीकांत वर्मा का साहित्यिक परिचय,

(v) छायावादी - काव्य की कलापक्षीय विशेषताएँ।

(vi) नयी कविता की तीन विशेषताएँ।

**Q. 5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये : **15**

(i) 1936 में किस वाद का प्रारंभ हुआ ?

(ii) 'तारसप्तक' में कितने कवि थे ?



KK Govt College Durgukondal

Scanned with CamScanner

(iii) किन्हीं दो छायावादी कवियों के नाम बतलाइये।

(iv) माखनलाल चतुर्वेदी किस काव्यधारा के कवि हैं ?

(v) 'पंचवटी' के रचनाकार कौन हैं ?

(vi) राष्ट्रकवि की उपमा किस कवि को दी गई है ?

(vii) 'परिवर्तन' कविता के रचनाकार का नाम बतलाइये।

(viii) कवि निराला का पूरा नाम बतलाइये।

(ix) 'निःशस्त्र सेनानी' में किसका वर्णन किया गया है ?

(x) 'सरोज स्मृति' शोकगीत है या प्रेमगीत ?

(xi) 'भारतीय आत्मा' किसे कहा जाता है ?

(xii) 'मगध' काव्य संग्रह के रचनाकार कौन हैं ?

(xiii) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के रचनाकार कौन हैं ?





(xiv) "खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी"– इन पंक्तियों को किसने लिखा है ?

(xv) नयी कविता के जनक कौन हैं ?

KK Govt College Durgukondal



Scanned with CamScanner

Printed Pages – 7

# NJ-1057

## B.A. (Part-II) Examination,

## Mar.-Apr., 2023

## HINDI LITERATURE

### Paper - II

### (हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Pass Marks : 25*

KK Govt College Durgukondal

**नोट :** सभी प्रश्नों को हल कीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्धि, अस्वच्छता एवं अनर्गल लेखन पर अंक काटे जाएँगे। प्रत्येक उत्तर की समाप्ति पर समाप्ति सूचक चिह्न का प्रयोग अवश्य करें। उत्तर लेखन में निरन्तरता बनाए रखें। खंड-खंड में उत्तर न लिखें।



Scanned with CamScanner

**Q. 1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की व्याख्या कीजिए : **21**

(क) दुहाई परमेश्वर की, अरे मैं नाहक मारा जाता हूँ! अरे यहाँ बड़ा ही अन्धेर है, अरे गुरुजी महाराज का कहा मैंने न माना उसका फल भोगना पड़ा। गुरुजी कहाँ हो! आओ, मेरे प्राण बचाओ, अरे मैं बे अपराध मारा जाता हूँ।

(ख) क्रोध के निरोध का उपदेश अर्थपरायण और धर्मपरायण दोनों देते हैं पर दोनों में जिसे अति से अधिक सावधान रहना चाहिए वही कुछ भी नहीं रहता। बाकी रुपया वसूल करने का ढंग बताने वाला चाहे कड़े पड़ने की शिक्षा दे भी दे, पर धज के साथ धर्म की ध्वजा लेकर चलने वाला धोखे में भी क्रोध को पाप का बाप ही कहेगा।





(ग) मुझे लगता है कि वसन्त भागता - भागता चलता है, देश में नहीं काल में, किसी का वसन्त पन्द्रह दिन का है, तो किसी का नौ महीने का। अमराई से जुड़ने का अर्थ होता है, वसन्त से जुड़ना, वसन्त की तैयारी से जुड़ना, जीवन के नवीकरण की प्रक्रिया से जुड़ना। शक्ति से साधन श्यामल प्रसार से जुड़ना, संगीत मातृका दूर्वादल-श्यामा महामातंगी से जुड़ना, पूर्णपातन, पल्लवन, कुसमन और फलन की समग्रता से जुड़ना, प्रकृति के एक तालबद्ध समाज की समरस्वता से जुड़ना, मनुष्य के एकान्त-विश्वास से जुड़ना और धरती उमंग की आकाश के स्वस्ति-वाचन से जुड़ना।



KK Govt College Durgukondal

Scanned with CamScanner

(घ) हमारे गुनाहों ने हमें चारों तरफ से घेर रखा है। ज़मीर की जंजीरों ने भी हमारे हाथ-पैर बाँध लिये हैं। हम अब इस दुनिया को आँख उठाकर भी नहीं देख सकते। जिस सल्तनत को खून से सींच-सींच कर हमने इतना बड़ा किया है, उसे अगर अब आँसुओं से भी सींचना चाहें तो हमें पूरी जिंदगी चाहिए। वह हमारे पास कहाँ है?

**Q. 2.** 'अंधेर नगरी' में निहित समस्याओं पर प्रकाश डालिए। **12**

**अथवा**

'बसंत आ गया है' पाठ के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

**Q. 3** एकांकी के तत्त्वों के आधार पर 'मम्मी ठकुराईन' की समीक्षा कीजिए। **12**





**अथवा**

'एक दिन' एकांकी में आधुनिकता और परंपरा का द्वन्द्व चित्रित हुआ है। स्पष्ट कीजिए।

**Q. 4.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : **15**

(i) राहुल सांकृत्यायन का यात्राबोध।

(ii) महादेवी वर्मा का काव्य का महत्त्व लिखिए।

(iii) हबीब तनवीर के नाटकों का सामान्य परिचय दीजिए।

(iv) भारतेन्दु जी का देशप्रेम व राष्ट्रीय जागरण।

(v) हिन्दी एकांकी का उद्भव।

(vi) हरिशंकर परसाई के व्यंग्य।



KK Govt College Durgukondal

Scanned with CamScanner

**Q. 5.** निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये : **15**

(i) नाट्यशास्त्र की रचना किसने की है ?

(ii) 'अन्धेर नगरी' के रचनाकार कौन हैं ?

(iii) आधुनिक युग के जनक कौन हैं ?

(iv) 'मम्मी ठकुराईन' के लेखक कौन हैं ?

(v) 'चरणदास चोर' के नाटककार का नाम लिखिए।

(vi) राहुल सांकृत्यायन के बचपन का नाम क्या था ?

(vii) 'जीनत' किस एकांकी की पात्र है ?

(viii) 'स्ट्राइक' एकांकी में कितने दृश्य हैं ?

(ix) 'काव्येषु नाटकम् रम्यम्' के लेखक कौन हैं ?

(x) 'बेईमानी की परत' किसकी कृति है ?





(xi) 'दस हजार' एकांकी के एकांकीकार का नाम लिखिए।

(xii) हजारी प्रसाद द्विवेदी के बचपन का नाम क्या था ?

(xiii) आपके पाठ्यक्रम में कुल कितनी एकांकी संकलित हैं ?

(xiv) प्रख्यात रंगकर्मी हबीब-तनवीर का जन्म कहाँ हुआ था ?

(xv) 'कवि वचन सुधा' पत्रिका किसने निकाली थी ?



KK Govt College Durgukondal

Scanned with CamScanner